भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. ***322** जिसका उत्तर
गुरूवार, **18 मार्च**, 2021/27 फाल्गुन, 1942 (शक) को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना

†*322. श्री एम. के. राघवन:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बेयपोर पत्तन को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-66 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-766 से जोड़ने वाली कोझीकोड स्थित भारतमाला परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार कोझीकोड स्थित बेयपोर पत्तन को अन्तर-राज्यीय राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ शीघ्र जोड़ने के लिए कोई कदम उठाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने कोझीकोड स्थित इस परियोजना के लिये अब तक कोई समीक्षा बैठकें की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में ऐसी बैठकें आयोजित करने का है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): जी हां। एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"भारतमाला परियोजना" के संबंध में श्री एम. के. राघवन द्वारा पूछे गए दिनांक 18 मार्च, 2021 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 322 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में संदर्भित विवरण

(क) और (ख): मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, केरल राज्य में भारतमाला और सागरमाला योजना के अंतर्गत बेयपोर पत्तन की कनेक्टिविटी (संपर्कता) पर केंद्रित दो सड़क परियोजनाएं हैं, जो इस पत्तन को मालापरम्ब, कोझीकोड में राष्ट्रीय राजमार्ग-66 और राष्ट्रीय राजमार्ग-766 के जंक्शन से जोड़ती हैं। दोनों परियोजनाओं का ब्यौरा उनकी स्थिति के साथ निम्नानुसार है:

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्रियान्वयन एजेंसी	परियोजना की स्थिति
1	समुद्र तट से होते हुए बेयपोर पत्तन की मालापरम्ब तक संपर्कता	एनएचएआई	उपर्युक्त मार्गों के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य सौंप दिया गया है। निधियों की आवश्यकता का विवरण डीपीआर के पूरा हो जाने के बाद निश्चित किया जा सकता है।
2	बेयपोर पत्तन तक नदी की तरफ के पत्तन मार्ग का विकास	एनएचएआई	

(ग) और (घ): जी हां, पत्तन संपर्कता परियोजनाएं भारतमाला और सागरमाला योजनाओं का भाग है और इन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाती है।

*****